Need for appointment of teachers in Kendriya Vidyalayas and Jawahar Navodaya Vidyalayas on permanent basis ? Laid

श्री राजीव राय **(घोसी) :** मैं सरकार का ध्यान केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती से संबंधित एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । आज हमारे केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों में शिक्षकों के कई पद लंबे समय से रिक्त हैं । इस स्थिति के कारण इन प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है । शिक्षकों की कमी के चलते हमारे विद्यार्थियों को वह उचित मार्गदर्शन और समर्थन नहीं मिल पा रहा है, जो उनकी शिक्षा और भविष्य के लिए आवश्यक है । इसका सीधा असर हमारे बच्चों की शिक्षा के स्तर पर पड़ रहा है । वर्तमान में सरकार ने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को यह अधिकार दिया है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति कर सकते हैं । लेकिन, इस व्यवस्था में भी कई समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं । प्रधानाचार्य अक्सर अपनी सुविधा और पसंद के अनुसार अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति करते हैं । किंतु जब प्रधानाचार्य का स्थानांतरण होता है, तो नए प्रधानाचार्य अपनी पसंद के नए शिक्षकों की नियुक्ति कर देते हैं । इससे विद्यालय में शिक्षकों का स्थायित्व नहीं बन पाता और छात्रों की शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है । अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस विषय पर शीघ्रता से कदम उठाए जाएं और केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालयों में शिक्षकों की स्थायी भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाए । स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति से न केवल शिक्षा का स्तर ऊंचा उठेगा, जो कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है । मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि इस महत्वपूर्ण विषय पर त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि हमारे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके ।